ईएसआईसी आयुक्त दीपक जोशी का जयपुर दौरा

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। कर्मचारी राज्य बीमा निगम जनसंपर्क अधिकारी संत कुमार पाण्डेय ने बताया कि निगम बीमा आयुक्त दीपक जोशी ने शुक्रवार को निगम के क्षेत्रीय कार्यालय का दौरा किया। जोशी ने क्षेत्रीय कार्यालय की सभी शाखाओं में संचालित प्रशासनिक, राजस्व, हितलाभ, चिकित्सा, समन्वय, राजभाषा और अय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक नियोक्ताओं को निगम के दायरे में लाया जाए। ये योजनाएं न केवल नियोक्ताओं को राहत प्रदान करती हैं, बल्कि निगम की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत बनाती है। जोशी ने निर्देशित किया कि कार्यालयीन कार्यों में नवीन तकनीक, डिजिटल प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन सेवाओं और ऑनलाइन सेवाओं का अधिकतम उपयोग किया जाए।